THE TIMES OF INDIA

Date: 24-11-26

COP Out? So What?

Climate confabs won't stop fossil fuel use, affordable energy tech will. That's started happening

TOI Editorial

COP31 ended without a 'cover decision' or headline announcement. That might not be the terrible thing it's made out to be. The fact that Saudi, Russia and other oil/gas producers had their way – they vetoed a mention of fossil fuels in the draft announcement – is proof of their clout. And if oil producers guide climate talks, we are cooked indeed. But on the brighter side, the stalemate shows many others, like EU and Pacific nations, made a determined stand, refusing to endorse a draft that glosses over the role of fossil fuels, and the need to curb their use.

Absence of a cover decision doesn't mean no work got done. Perhaps the best news out of COP31 is that some 90 countries have agreed to increase the share of electricity in their energy mix to 35% by 2035 – the 35 by 35 pledge. It doesn't sound like a lot but you'd be surprised the current average share of electrification is around 22%. And this is something the oil lobby can't change, because change is being driven, above all, by costs. For example, between 2010 and 2023, the cost of solar energy fell 90%. That's why many developing countries in SE Asia and Sub-Saharan Africa now find it advantageous to skip large-scale thermal power, and install solar or wind projects instead. Unlike US and Europe, they aren't saddled with legacy systems designed for thermal power. Where the rich world still derives most of its energy, about 80%, from coal, oil and gas, Vietnam is ahead in electrification. Even India has more solar capacity than it can use. In peak summer this year, it wasted 11% of solar power to maintain grid stability. Forget others, Saudi itself counts among the top buyers of Chinese solar panels.

So oil producers might have won a skirmish at COP31, but they're losing the war. This year's energy shock has jolted everyone, from US voters and Trump's party, to the corner dhaba that switched from gas to wood in March. Countries want to end their dependence on imported energy, and tech and economics have made this inevitable. With or without COP, the march towards a fossil fuel-free future will continue. The only question is its pace, and that should also be guided by economics. Developing countries need cheap energy, let them use oil, or coal, if it's cheaper – it won't be for long.

THE ECONOMIC TIMES

Date: 24-11-26

COP31 Failure Not End of the World

ET Editorial

The Antalya climate talks, COP31, which concluded on Sunday, failed to present a united front on tackling climate change. Differences on finance for adaptation, transition away from fossil fuels, carbon capture utilisation and storage (CCUS), trade, and IPCC pushed the talks 44 hrs into overtime. But it was the text's silence on transitioning away from fossil fuels and its inclusion of CCUS that put compromise and consensus out of reach. While a political agreement proved elusive, one country representative after another made it clear that they were not giving up on the multilateral process or on talking.

With Donald Trump casting doubts and even questioning multilateralism, political declarations at climate COPs have taken on special significance. But disagreements are not unhealthy for multilateralism. Nor are they unavoidable. No one walked out in Antalya. Even the EU and Britain, which had threatened to walk out of the Belém talks last year, stayed put until it became clear that some distance and time would likely be more useful.

Antalya is not the end of the multilateral process. But without hard work and concerted effort, it could unravel. Fossil fuels are undoubtedly the major drivers of anthropogenic climate change, and a shift away from them is essential if the world is to avoid a runaway rise in global temperatures. For fossil fuel-dependent economies, the transition is more difficult but unavoidable. Work in the rooms, away from the glare, must continue to create confidence that tackling climate change will not leave anyone behind. That means finding ways rooted in science and equity, ensuring that developing countries have adequate and predictable resources to shift away from fossil fuel use, build resilience and adapt to climate impacts.

THE HINDU

Date: 24-11-26

Fatal disagreement

Developed nations must bear much of the cost of carbon emissions

Editorials

COP31 ended in Antalya, Türkiye, with a whimper. The 190-odd countries that had convened for nearly 12 days — a close to 50-hour overshoot — failed to agree on an overarching political statement, called a cover text, that acts as a stepping stone to future, collective global action on climate change. Usually, cover texts evolve as a final synthesis of deliberations; the COP31 leadership, helmed by Türkiye and Australia, thought it fit to push for a cover text early in the proceedings. The headline sought was a global electrification target: 35% of global final energy consumption will come from electricity by 2035, in the hope that this would reduce direct fossil fuel emissions. Ultimately, the cover text failed to pass muster because the European Union objected to the text's lack of any explicit mention of 'fossil fuel,' let alone its phase-out. The COP process is arduously protracted as even a single country's objection can stall progress. Country-blocks outside the EU, such as coalitions of the least developed countries, island nations, some South American countries — reportedly 130 countries — were also insistent on fossil fuel language. While COP 31 made some progress on old pathways, such as the Just Transition agreement, it is

perplexing that the delegations could not make progress on the other big prong of negotiations: climate finance.

The increase in solar panel installations and the significant shift towards battery use in grid storage and transport did not come cheap: the cost of the land required for their installation, their intermittent nature of being dependent on weather, grid upgrades all carry costs. It is global markets, imperfectly connected, but connected, that have managed to bring it to this stage over decades. India and China, major fossil emitters, with large, still indigent populations, are also leaders in total clean energy installations. Therefore it stands to reason that developed countries, which have committed to providing climate finance in recognition of their historical emissions, make good on past promises to shoulder the cost of the carbon emissions that are responsible for warming. Economic crises are a feature, and not a bug, of the interconnected financial system enveloping the world and there are, undeniably, challenges to diverting the necessary finance towards countries most vulnerable to climate change impact. However, it is no longer prudent to sweep this under the rug by scuttling experimental approaches — namely carbon capture — as inimical to the broader commitment to eschew fossil fuel. When the primary framework climate agreement was crafted three decades ago, nobody envisaged AI and the drain that data centres portended or the wars that would see the vociferous antagonists of coal immediately shore up their gas reserves. Without honest good-faith dialogue, the COP is at risk of being a sideshow: a mortal blow to multilateralism.

दैनिक भास्कर

Date: 24-11-26

स्वास्थ्य पर खर्च सरकारों की प्राथमिकता में क्यों नहीं है?

संपादकीय



उत्तर भारत के चार अपेक्षाकृत गरीब राज्यों में स्वास्थ्य के मद में प्रति व्यक्ति सरकारी व्यय राष्ट्रीय औसत (2959 रु.) का मात्र 60% है। देश के तमाम राज्यों में सर्वाधिक व्यय सिक्किम (16,026 रु.) और यूटीज में चंडीगढ़ (24187 रु.) के नाम है। एनएचए के ताजा आंकड़े बताते हैं कि बिहार में स्वास्थ्य पर खर्च अन्य राज्यों के मुकाबले सबसे कम (1126 रु.) है। इसका मतलब हुआ कि एक बच्चा अगर बिहार में पैदा हो और दूसरा चंडीगढ़ में तो सरकार की ओर से स्वास्थ्य सुविधाओं में 20 गुने से ज्यादा का अंतर होगा! 76 साल पहले भारत के संविधान की प्रस्तावना में

समानता पर आधारित समाज बनाने का वादा किया गया था। समस्या सिर्फ सरकार के व्यय की नहीं है, केरल में भी इस मद में व्यय राष्ट्रीय औसत से 30 प्रतिशत ही ज्यादा है, लेकिन भ्रष्टाचार न होने के कारण राज्य के सम्पन्न लोग भी सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए सहर्ष जाते हैं, जबकि बिहार में अति गरीब लोग भी इलाज के लिए शायद ही किसी सरकारी अस्पताल में समुचित सेवा का भरोसा रखते हों। सबसे चिंता की बात यह है कि इन गरीब राज्यों में हाल के कुछ वर्षों में रेवड़ी बांटने का चलन तेजी से फैला है और सरकार के कुल राजस्व का करीब 40 प्रतिशत इसी मद में खर्च हो रहा है।

दैनिक जागरण

Date: 24-11-26

निकट आता नेपाल

संपादकीय



नेपाल में बड़े पैमाने पर हिंसा और राजनीतिक उथलपुथल के बाद इसी वर्ष मार्च में वहां के प्रधानमंत्री बने बालेन शाह की ओर से अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत आना एक शुभ संकेत है। प्रथम विदेश यात्रा के लिए भारत को प्राथमिकता देना यह बताता है कि अंततः बालेन शाह को नई दिल्ली की महत्ता समझ आई। इसका एक कारण पश्चिम एशिया संकट के कारण नेपाल की आर्थिक समस्याएं बढ़ना और हाल की विनाशकारी बाढ़ से भारी तबाही होना भी हो सकता है। ध्यान रहे कि प्रधानमंत्री बनने के बाद वे भारत से संबंध सुधारने के लिए उत्सुक नहीं दिख रहे थे और यहां तक कि भारतीय विदेश सचिव से मुलाकात करने को भी तैयार नहीं थे।

हालांकि अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री की तरह उन्होंने चीन के बजाय पहले भारत आना तय किया, पर देखना यह होगा कि वे संतुलन बैठाने के लिए बीजिंग जाने की तैयारी तो नहीं करते? नेपाल को यह समझ आए तो अच्छा कि चीन से संपर्क बनाए रखने और अपने यहां उसके प्रभुत्व को बढ़ने देने में अंतर है। इस अंतर को कायम रखने से ही भारत-नेपाल मैत्री प्रगाढ़ हो सकती है और बालेन शाह की नई दिल्ली यात्रा से जो सकारात्मक वातावरण बना, वह संबंधों की मधुरता बढ़ा सकता है।

युवा नेपाली प्रधानमंत्री की नई दिल्ली यात्रा पर जो अनेक समझौते हुए और भारत ने नेपाल के आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक विकास के लिए अच्छी-खासी सहायता राशि देने के साथ उसे हरसंभव मदद देने की जो वचनबद्धता व्यक्त की, वह इसका प्रमाण है कि भारत उसका भरोसेमंद हितैषी बनने को तत्पर है। अब नेपाल

का भी यह दायित्व बनता है कि वह भारत के हितों का ध्यान रखते हुए दोस्ती को मजबूत करने वाले कदम उठाए, क्योंकि अतीत में वहां संकीर्ण राजनीतिक कारणों से न केवल भारत के खिलाफ माहौल बनाया गया, बल्कि उस चीन से नजदीकी बढ़ाई गई, जो हर देश में अपना प्रभुत्व कायम करना चाहता है और केवल अपने ही स्वार्थ सिद्ध करने की कोशिश में रहता है। वह ऐसी ही कोशिश नेपाल के साथ भारत के अन्य पड़ोसी देशों में भी कर रहा है। केवल भूटान ही चीन के प्रभाव-दबाव में आने को तैयार नहीं।

नेपाल को इससे अवगत होना चाहिए कि चीन ने दोस्ती के बहाने किस तरह विभिन्न देशों के हितों पर चोट की है। यह स्वागतयोग्य है कि भारत और नेपाल के बीच ऐसे भी अनेक समझौते हुए, जो दोनों देशों के बीच के आर्थिक रिश्तों के साथ सांस्कृतिक-धार्मिक संबंधों को बल देने और एक-दूसरे के प्रति सहयोग एवं भरोसा बढ़ाने वाले हैं। चूंकि भारत और नेपाल में बहुत कुछ साझा है, इसलिए इसका कोई कारण नहीं कि दोनों देशों के बीच कोई खटपट हो और संकीर्ण इरादों से पैदा किए गए सीमा विवाद जैसे मामले संबंध सुधार में बाधक बनें।

Date: 24-11-26

विरासत को सहेजने के साथ समझें भी

गजेंद्र सिंह शेखावत, (लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं)

सभ्यताओं की महानता उनके साम्राज्यों, स्मारकों और उपलब्धियों के साथ इससे भी बनती है कि वे अपने ज्ञान, स्मृतियों, विचारों और सांस्कृतिक परंपराओं को कितनी जीवंतता के साथ आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाती हैं। कुछ सभ्यताएं अपने स्थापत्य के लिए जानी जाती हैं, कुछ साहित्य और दर्शन के लिए तो कुछ अपनी लोक परंपराओं और जीवन-पद्धति के लिए। भारत उन विरल सभ्यताओं में है, जहां ये सभी धाराएं एक साथ प्रवाहित होती रही हैं। हमारे प्राचीन मंदिरों और ऐतिहासिक नगरों से लेकर सदियों पुरानी पांडुलिपियों तक, दर्शन की गहन परंपराओं से लेकर लोकगीतों, उत्सवों और शिल्पकलाओं तक, भारत का अतीत आज भी हमारे वर्तमान में सांस लेता है। हाल में महाभारत, राजतरंगिणी और अर्थशास्त्र की पांडुलिपियों को यूनेस्को के 'मेमोरी आफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर' में स्थान मिलना इसी सभ्यतागत विरासत की महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता है। 2024 में रामचरितमानस, पंचतंत्र और सहृदयालोक-लोचन को भी इसी क्षेत्रीय रजिस्टर में स्थान मिला था। इन उपलब्धियों का महत्व इसलिए भी अधिक है कि ये ग्रंथ भारतीय चिंतन की अलग-अलग, किंतु परस्पर जुड़ी हुई परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

12वीं शताब्दी में कल्हण रचित राजतरंगिणी ऐतिहासिक लेखन की एक विशिष्ट परंपरा प्रस्तुत करती है। महर्षि वेदव्यास का महाभारत युद्ध की कथा से कहीं आगे बढ़कर धर्म, कर्तव्य, नैतिकता, सत्ता, समाज और मानवीय

संबंधों के जटिल प्रश्नों पर विचार करता है। इसके भीतर समाहित श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश आज भी दुनिया भर के विचारकों और साधकों को प्रेरित करता है। आचार्य कौटिल्य का अर्थशास्त्र शासन, प्रशासन, आर्थिकी, कूटनीति और राज्य संचालन के विषय में भारतीय चिंतन की परिपक्वता का प्रमाण है। इन ग्रंथों से जुड़ी पांडुलिपियां भी अपने आप में ऐतिहासिक धरोहर हैं। भारत की सांस्कृतिक यात्रा को वैश्विक पहचान दिलाने में पिछले एक दशक के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उनका मंत्र-'विकास भी, विरासत भी'-इसी सोच को दर्शाता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे की विरोधी नहीं। 2014 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भारत के 32 स्थल थे, जबकि आज इनकी संख्या 45 हो गई है। यह विस्तार भारत की बहुआयामी विरासत को समझने और स्वीकार करने की वैश्विक दृष्टि का विस्तार है।

भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। योग, कुंभ मेला, दुर्गा पूजा, गरबा, रामलीला, वैदिक मंत्रोच्चार और राजस्थान की कालबेलिया परंपरा जैसी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां हमारी जीवंत परंपराओं का परिचय देती हैं। 2025 में दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया जाना भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। योग को वैश्विक पहचान दिलाने की पहल भी भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतरराष्ट्रीय विस्तार का उल्लेखनीय उदाहरण है। विदेश से प्राचीन मूर्तियों और पुरावशेषों की वापसी ने भी हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को उनके मूल सांस्कृतिक परिवेश से जोड़ने का काम किया है। पिछले वर्षों में 350 से अधिक प्राचीन धरोहरें विदेश से लाई गई हैं।

यह पुरावशेषों की वापसी के साथ सांस्कृतिक स्मृति और विरासत के प्रति जिम्मेदारी का पुनर्स्थापन है। काशी विश्वनाथ धाम, केदारनाथ, महाकाल लोक और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण ने भी आस्था, स्थापत्य और सांस्कृतिक पहचान को जनसहभागिता से जोड़ने का अवसर दिया है। भारत की विरासत का एक बड़ा हिस्सा हमारे स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों में सुरक्षित है। अजंता और एलोरा की गुफाएं, खजुराहो के मंदिर, राजस्थान के ऐतिहासिक नगर, नालंदा का प्राचीन विश्वविद्यालय परिसर और असंख्य तीर्थस्थल अपने समय की कलात्मक उत्कृष्टता, वैज्ञानिक समझ, अभियांत्रिकी कौशल और सामाजिक जीवन के साक्षी हैं। इनके माध्यम से हम अतीत की राजनीतिक व्यवस्थाओं, व्यापारिक संबंधों, उपलब्धियों और जीवन-दर्शन को समझ सकते हैं, किसी सभ्यता का आत्मा स्मारकों में बसने के साथ उन परंपराओं में भी जीवित रहता है, जिन्हें लोग दैनिक जीवन में अपनाते और अगली पीढ़ी तक पहुंचाते हैं।

किसी विरासत को यूनेस्को की सूची में स्थान मिलना अंतिम उपलब्धि नहीं। उसका वास्तविक मूल्य इससे तय होगा कि हम उस विरासत को कितना सुरक्षित रखते हैं, कितना शोध करते हैं और उसे आने वाली पीढ़ियों के लिए कितना सुलभ बनाते हैं। देश में हजारों पांडुलिपियां सरकारी संस्थानों, मंदिरों, मठों, निजी संग्रहों और परिवारों के पास हैं। उनमें से अनेक आर्द्रता, तापमान में बदलाव, जैविक क्षरण और उपेक्षा के कारण नष्ट होने के जोखिम से जूझ रही हैं। इनके संरक्षण की दिशा में 'ज्ञान भारतम् मिशन' एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य पांडुलिपियों की पहचान, सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण के माध्यम से

भारत की ज्ञान-संपदा को सुरक्षित करना तथा शोधकर्ताओं और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाना है। प्राचीन ज्ञान को केवल संग्रहालयों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

जनसत्ता

Date: 24-11-26

जिम्मेदारी के बजाय

संपादकीय

तुर्किये के अंताल्या में हुई संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता (सीओपी 31) का बिना किसी व्यापक समझौते के समाप्त होना पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरों के बीच जब सभी को एकजुट होकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है, तब विभिन्न देशों के बीच इस मुद्दे पर मतभेदों का गहराना वैश्विक प्रयासों में प्रतिबद्धताओं की कमजोरी को दर्शाता है। सम्मेलन में इस बात पर सहमति नहीं बन पाई कि जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कैसे समाप्त किया जाए और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए गरीब एवं विकासशील देशों को आर्थिक सहायता किस तरह उपलब्ध कराई जाए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर जो मुहिम शुरू की गई है, क्या वास्तव में उसके कोई प्रभावी एवं सकारात्मक नतीजे सामने आ पाएंगे? विभिन्न अध्ययन एवं शोध इस बात की तस्दीक करते हैं कि दुनिया के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का बड़ा हिस्सा कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल से पैदा होता है। इस सबके बावजूद अगर विश्व के कई देशों की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, तो यह गैरजिम्मेदाराना रवैये से कैसे अलग है।

जलवायु वार्ता में अंतिम समझौते पर सहमति नहीं बन पाने का घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब वैश्विक तापमान में वृद्धि औद्योगिक युग से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यदि मौजूदा नीतियां जारी रहती है, तो इस सदी के भीतर वैश्विक तापमान में वृद्धि 2.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकती है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के खतरे को गंभीरता का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दरअसल, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन समेत सौ से अधिक देशों का मानना है कि जलवायु समझौते में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता शामिल की जानी चाहिए मगर रूस और सऊदी अरब सहित कई तेल उत्पादक देश इसका विरोध कर रहे हैं। उनकी चिंता यह है कि जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने का फैसला उनकी अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकता है। मगर सवाल है कि जब भारत समेत दुनिया के कई देश नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, तो तेल उत्पादक देश इस दिशा में आगे क्यों नहीं बढ़ना चाहते!

जलवायु समझौते को लेकर मतभेदों की दूसरी कड़ी वित्त पोषण से जुड़ी है। यह बात छिपी नहीं है कि विकसित देशों ने औद्योगिक विकास के दौरान सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन किया है, जबकि जलवायु परिवर्तन का सबसे गंभीर असर उन गरीब और विकासशील देशों पर पड़ रहा है, जिनका इसमें योगदान बेहद कम है। इन देशों की मांग रही है कि विकसित राष्ट्र उन्हें पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएं। जलवायु वार्ता में यह मुद्दा चर्चा में तो आया, लेकिन विकसित देशों की ओर से स्पष्ट वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं मिलने के कारण इस पर भी कोई सहमति नहीं बन पाई। जाहिर है, यदि विकसित देश अपनी जिम्मेदारियों से बचते रहे और विकासशील देशों की चिंताओं को नजरअंदाज किया जाता रहा, तो जलवायु वाताएं केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगी। अब समय घोषणाओं और आश्वासनों के बजाय ठोस फैसले लेने का है, क्योंकि जलवायु संकट से निपटने में होने वाली देरी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को खतरे में डाल सकती है।

Live हिन्दुस्तान .com

Date: 24-11-26

देश का बढ़ता प्रभाव

संपादकीय

दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव की तस्दीक करती रिपोर्ट सुखद और अनुकरणीय है। सनद रहे, ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट ने 2026 के लिए 'एशिया पावर इंडेक्स' जारी किया है। यह शक्ति सूचकांक भारत की बढ़ती ताकत का नवीनतम प्रमाण है। भारत को दुनिया का अकेला 'मेजर पावर' माना गया है और भारत से ऊपर अमेरिका व चीन को 'सुपर पावर' की श्रेणी में रखा गया है। भारत की विस्तार से चर्चा करने से पहले यह देखना रोचक होगा कि महाशक्ति के रूप में अमेरिका और चीन के बीच अंतर तेजी से घट रहा है। दोनों महाशक्तियों के बीच केवल 5.3 अंकों का अंतर रह गया है। हालांकि, चीन की बुनियाद में अमेरिकी योगदान बहुत ज्यादा है। अमेरिका ने केवल तकनीकी रूप से ही मदद नहीं की है, बल्कि एक बड़े बाजार के रूप में भी वह बीजिंग के काम आ रहा है। दशकों से अमेरिकी कंपनियां चीन को उत्पादन केंद्र बनाने में जुटी हैं। वैसे, चीन को भी श्रेय देना चाहिए। चीन ने अपने दम पर भी बहुत मेहनत से ऊंचा मकाम बनाया है ।

अब बात भारत की इस विकासशील देश को तकनीकी या निवेश का लाभ चीन की तरह नहीं मिला है। यह वैश्विक हालात से लगातार प्रभावित होने के बावजूद अपने दम पर अपनी ताकत बढ़ाता आ रहा है। दूसरे देशों के थिंक टैंक भी यही मानते हैं कि कूटनीतिक जगत में भारत मजबूत स्थिति में है और उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थिर नेतृत्व से ताकत मिल रही है। ध्यान रहे, बीता समय भारत के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा है, फिर भी इसका समग्र स्कोर 40.5 माना गया है। साथ ही, आर्थिक क्षमता में कुछ गिरावट के बावजूद भारत को रैंकिंग में लाभ हुआ है। यह रिपोर्ट प्रेरित करती है कि भारत अपनी आर्थिक क्षमता के विकास पर पहले की

तुलना में ज्यादा ध्यान दे। आर्थिक क्षमता जैसे-जैसे बढ़ेगी, समग्र रूप से भारत मजबूत और आत्मनिर्भर होता चला जाएगा। रुपये का लगातार कमजोर होना और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा अर्थव्यवस्थाओं के मूल्यांकन के
तरीके से भी भारत की रैंकिंग प्रभावित होती रही है। भारत को अपनी कमियों पर विशेष ध्यान देना होगा। सोमवार को ही भारतीय शेयर बाजार में जो गिरावट आई है, उससे चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत में जिन लोगों के पास पूंजी है, उद्योग हैं, देने के लिए नौकरी है, उन्हें अपनी भूमिकाओं का तेजी से विस्तार करना चाहिए।

ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद दूसरे सबसे प्रभावी नेता हैं। काश ! पश्चिम एशिया में चल रहे बुद्ध में भारतीय कूटनीति की एक प्रभावी भूमिका होती। लोवी इंस्टीट्यूट के मुताबिक, भारत द्वारा आयोजित सामरिक अभ्यास से लौटते समय अमेरिका द्वारा एक ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोए जाने पर भारत की मंद प्रतिक्रिया पर भी दुनिया ने गौर किया है। ऐसी मंद या उदार प्रतिक्रिया पहले भी अनेक बार देखने में आई है। रिपोर्ट एक तरह से इशारा है, भारत प्रभावशाली देश है, उसे जरूरी मौकों पर मुखरता से पेश आना चाहिए। रक्षा उत्पाद में भारत आगे आया है। और इसका उसे लाभ भी मिलने लगा है। बहरहाल, भारत को नए दौर की तकनीकी तरक्की पर ज्यादा ध्यान देना होगा। अपनी बढ़ती शक्ति और प्रभाव को स्थानीय स्तर पर संजोने की जरूरत है, लेकिन तथ्य यह है कि एआई- कौशल से लैस इंजीनियर विदेश या अमेरिका जाकर काम करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ध्यान रहे, चीन तकनीकी तरक्की के दम पर ही अमेरिका से मुकाबला कर रहा है।

Date: 24-11-26

भारत-नेपाल रिश्तों में नई रवानी

हर्ष वी पंत, (प्रोफेसर एवं वाइस प्रेसिडेंट, ओआरएफ)

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का भारत दौरा आपसी रिश्तों के बदलते दौर में एक प्रस्थान बिंदु माना जाएगा। क्षेत्र का रणनीतिक माहौल अब तक अस्थिर है। ऐसे में, अपने पहले द्विपक्षीय दौरे के लिए भारत का चुनाव करके बालेंद्र शाह संभवत: नई दिल्ली के साथ संबंधों में व्यावहारिक सोच, विकास के क्षेत्र में सहयोग और राजनीतिक संवाद को एक नई गति देना चाहते हैं।

नेपाली प्रधानमंत्री की यात्रा का महत्व कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं था, वह राजनीतिक सद्भावना को आर्थिक सहयोग और आपसी संपर्क बढ़ाने वाले ठोस नतीजों में बदलना चाहते थे। यही वजह रही कि पुनर्निर्माण और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के मुद्दे प्रमुखता से बातचीत में शामिल रहे। भारत ने भी

हाथ बढ़ाने में कोताही नहीं बरती। नेपाल के विकास के लिए 24,000 करोड़ नेपाली रुपये (करीब 1.62 अरब डॉलर) के पैकेज की घोषणा की गई, जो इस पड़ोसी देश की अपेक्षाओं के काफी करीब है, क्योंकि बताया जाता है कि उसने अनुदान व ऋण के रूप में करीब दो अरब डॉलर की सहायता मांगी थी।

नेपाल इस रकम का इस्तेमाल जहां बाढ़ से हुए नुकसान की भरपायी और पुनर्निर्माण के लिए कर सकता है, वहीं इससे दीर्घकालिक विकास क्षमताओं को भी मजबूत किया जा सकता है। वहीं भारत के लिए यह 'पड़ोस प्रथम' की अपनी नीति को ठोस आर्थिक प्रतिबद्धताओं के जरिये आगे बढ़ाने का अवसर रहा। इससे यह संदेश भी गया है कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध सिर्फ कूटनीतिक बयानों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनको आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है।

इस यात्रा में संपर्क सुविधाओं के विस्तार को भी महत्व मिला है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या कैंट से नेपाल के जनकपुरधाम को जोड़ने वाली सरयू-कमला एक्सप्रेस को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाई गई। सीमा पार आवाजाही बढ़ाने में इसका व्यावहारिक योगदान तो रहेगा ही, सांस्कृतिक संबंध को मजबूत बनाने में भी इससे मदद मिलेगी। यह ट्रेन रामायण परंपरा के जुड़े दो महत्वपूर्ण केंद्रों को जोड़ रही है, जिससे पता चलता है कि दोनों देशों के बीच मौजूद सांस्कृतिक समानताओं को क्षेत्रीय संपर्क और मेलजोल बढ़ाने का माध्यम बनाया जा सकता है।

इसी तरह, नेपाल को कांडला और पारादीप बंदरगाहों तक पहुंच देने का फैसला भी अहम है। इससे भौगोलिक रूप से जमीन से घिरे नेपाल को समुद्री व्यापार के लिए अतिरिक्त रास्ते मिल जाएंगे। हालांकि, काठमांडू ने मुंद्रा बंदरगाह के इस्तेमाल को प्राथमिकता दी थी, पर भारत की ओर से दिए गए अन्य विकल्प नेपाल के व्यापारिक मार्गों में विविधता लाने और माल ढुलाई से जुड़ी दुश्वारियों को दूर करने में मददगार हो सकते हैं।

धारचूला और दार्चुला के बीच मोटर पुल बनाने का प्रस्ताव, काठमांडू-रक्सौल रेल संपर्क परियोजना में प्रगति, बनबसा-दोधारा चांदनी एकीकृत चेक पोस्ट और झापा पेट्रोलियम टर्मिनल से जुड़ी पहल भी काफी महत्वपूर्ण है। इनसे पता चलता है कि भारत और नेपाल के आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में संपर्क सुविधाओं का विस्तार कितना महत्व रखता है।

ऊर्जा सहयोग इस साझेदारी का संभवत: ऐसा पहलू है, जिसका लंबे समय तक प्रभाव बना रहेगा। 669 मेगावाट की लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना की आधारशीला रखे जाने का कदम इस बात का संकेत है कि दोनों सरकारें नेपाल की जलविद्युत क्षमता और भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को एक-दूसरे का पूरक मानती हैं। भारत दीर्घकालिक व्यापार समझौते के तहत नेपाल से पहले ही 10,000 मेगावाट बिजली खरीदने को राजी हो चुका है। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि नियामक व्यवस्थाओं, ट्रांसमिशन से जुड़े बुनियादी ढांचे के निर्माण और निवेश से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को उसी गति से आगे बढ़ाया जाए, जिस गति से दोनों देश ऊर्जा सहयोग को विस्तार देना चाहते हैं।

इस यात्रा के दौरान आठ सहमति-पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनके जरिये कई उभरते क्षेत्रों में सहयोग के लिए संस्थागत ढांचा तैयार किया जाएगा। इन क्षेत्रों में दक्षिण एशिया उपग्रह नेटवर्क के तहत इसरो के माध्यम से उपग्रह संचार, सुरक्षा व फोरेंसिक क्षेत्र में सहयोग, पुलिस प्रशिक्षण, प्रशासनिक अधिकारियों की क्षमता में विकास, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुर्वेद, टिकाऊ शहरी विकास और कृषि आदि शामिल हैं। दोनों सरकारों ने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, डिजिटल संपर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी और खेल सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात भी की, जो संकेत है कि वे अपने पारंपरिक संबंधों को विस्तार देना चाहते हैं।

हालांकि, इस यात्रा की राजनीतिक अहमियत भी कम नहीं थी। बालेंद्र शाह नेपाल की उस नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसका उभार इसके स्थापित राजनीतिक दलों से जनता के मोहभंग के कारण हुआ है। बेशक, नेपाली प्रधानमंत्री के पहले के कुछ बयानों, और खासकर ग्रेटर नेपाल के नक्शे से जुड़े संदर्भों ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ा दी थी, लेकिन इस यात्रा से साफ हो गया है कि काठमांडू का नया नेतृत्व भारत के साथ व्यावहारिक और बेहतर संबंध बनाए रखने के आर्थिक व रणनीतिक महत्व को समझता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके 'स्पष्ट नजरिये' की खुलकर सराहना की। साथ ही, उन्होंने भगवान राम और माता सीता के सांस्कृतिक संबंधों का भी जिक्र किया, जो वास्तव में राजनीतिक स्तर पर भरोसा बढ़ाने के साथ-साथ सांस्कृतिक कूटनीति को विस्तार देने की कोशिश थी। बालेंद्र शाह ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच होने वाले समझौतों का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, जिससे पता चलता है कि दोनों देशों में अब यह समझ बढ़ रही है कि संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए सहयोग का लाभ विकास के रूप में दोनों देशों की जनता तक पहुंचना अनिवार्य है।

भारत के लिए यह यात्रा उसकी 'पड़ोस प्रथम' नीति की एक महत्वपूर्ण परीक्षा भी थी। हालांकि, उसे यह भी समझना होगा कि नेपाल की राजनीति में संप्रभुता, रणनीतिक स्वायत्तता और भारतीय प्रभाव को लेकर धारणाएं काफी संवेदनशील हैं। लिहाजा, नेपाल के राजनीतिक फैसलों का सम्मान और आर्थिक संबंधों को विविधता देने की उसकी आकांक्षाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए।

कुल मिलाकर, नेपाली प्रधानमंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के संबंधों को पुराने ढर्रे से आगे ले जाने का मौका मिला है। बालेंद्र शाह 25 घंटे ही रुके, पर उनका एजेंडा काफी बड़ा था। अब इस पहल की सफलता इस बात से तय होगी कि दोनों देश आपसी सहमतियों को कितने प्रभावी ढंग से जमीन पर उतार पाते हैं। सुखद है कि दोनों देश बदलाव को तैयार दिख रहे हैं।